‘साराभाई मानद पुरस्कार, 2021’

चर्चा में क्यों?

हाल ही में शिक्षक दिवस के अवसर पर **सुपर-30 के संस्थापक और गणितज्ञ आनंद कुमार** को **गणित सिखाना आसान बनाने** एवं **गरीब बच्चों को आईआईटी की प्रवेश परीक्षाओं में सफल बनाने** के लिये **राष्ट्रीय अध्यापक वैज्ञानिक परिषद (एनसीटीएस)** ने **‘साराभाई अध्यापक वैज्ञानिक राष्ट्रीय मानद पुरस्कार, 2021’** प्रदान किया है।

प्रमुख बिंदु

- एनसीटीएस के अध्यक्ष चंद्रमौली जोशी ने बताया कि शिक्षक दिवस के अवसर पर डिजिटल तरीके से हुए एक कार्यक्रम में बिहार के निवासी आनंद कुमार को इस **संगठन की आजीवन सदस्यता** भी प्रदान की गई।
- चंद्रमौली जोशी के अनुसार आनंद कुमार करीब दो दशकों से कमज़ोर तबकों के बच्चों को **भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान** में दाखिले से संबंधित प्रवेश परीक्षा **‘जेईई एडवांस्ड’** के लिये कोचिंग दे रहे हैं।
- उल्लेखनीय है कि गुजरात के **रमन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी फाउंडेशन** ने अध्यापकों के बीच वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिये **एनसीटीएस** की स्थापना की थी, जिसका **मुख्यालय दिल्ली** में है।
- आनंद कुमार ने पुरस्कार आयोजकों को धन्यवाद दिया व कहा कि समाज के कमज़ोर तबके पर सबसे बुरा असर डालने वाली कोविड-19 महामारी के आलोक में वह अब प्रौद्योगिकी के माध्यम से अधिकाधिक लोगों तक पहुँचने की कोशिश कर रहे हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sarabhai-honorary-award-2021